दिनांक : 10.05.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- रक्षा मंत्रालय ने कहा-पाकिस्तानी सेना ने चार सौ ड्रोन का इस्तेमाल कर 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश की, भारत ने नाकाम किया।
- दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सामान्य उड़ानें फिर शुरू।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुलाई उच्चस्तरीय बैठक, सरकारी सेवकों के अवकाश पर रोक।
- विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वॉटर रिचार्ज परियोजना ताप्ती बेसिन पर आज होगा एमओयू।

विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग

नई दिल्ली में कल एक विशेष ब्रीफिंग में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार की रात को लगभग चार सौ ड्रोन का इस्तेमाल कर लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश की। भारतीय सशस्त्र बलों ने काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक तरीकों का इस्तेमाल कर इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने कहा-.......

दिल्ली हवाई अड्डा- सामान्य उड़ानें शुरू

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सामान्य उड़ानें फिर शुरू हो गई हैं। इस बीच, पाकिस्तान के साथ सैन्य तनाव के बीच सुरक्षा उपाय बढ़ाने के कारण यात्रियों को परामर्श जारी किया गया है। हवाई अड्डा प्रशासन ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर उड़ानें सामान्य होने के बावजूद, उड़ान कार्यक्रम प्रभावित होने की संभावना और हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों के कारण सुरक्षा प्रक्रिया में अधिक समय लगने की घोषणा की है।

यात्रियों को अपनी एयरलाइन्स के साथ नवीनतम जानकारी प्राप्त करने, सुरक्षा जांच में संभावित विलंब के लिए जल्दी पहुँचने और सुरक्षा कर्मचारियों के साथ सहयोग करने की सलाह दी गई है।

अलर्ट मोड पर रहेंगे अधिकारी

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कल देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों से चर्चा की। बैठक में भारत सरकार से प्राप्त विस्तृत दिशा-निर्देशों की जानकारी से जिलों को अवगत करवाया गया। डॉ. यादव ने कहा कि सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें, अधिकारी मैदान में दिखें। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने में भी वॉलिंटियर्स का आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में रिटायर्ड फौजियों सहित सामाजिक कार्यों से जुड़े वॉलिंटियर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बैठक में कहा गया कि सभी जिलों में इमरजेंसी सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। जिले में आवश्यक सायरन की व्यवस्था भी रहेगी।

आईएएस पदस्थापना

राज्य शासन ने कल दो आईएएस अफसरों के पदस्थापना आदेश जारी कर दिए हैं। भारत सरकार से वापस मध्यप्रदेश लौटे संकेत एस भोंडवे को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का आयुक्त बनाया गया है। जबकि धनंजय सिंह भदौरिया को आयुक्त अनुसूचित जाति विकास से जबलपुर संभाग आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश-सुरक्षा व्यवस्था

राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए प्रदेश में शासकीय सेवकों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कल उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में जिस तरह से परिस्थितियां बनी हैं, इसके सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड अमला अवकाश पर न जायें। इसके बाद राज्य शासन ने देर शाम शासकीय सेवकों के अवकाश पर रोक संबंधी आदेश जारी कर दिए। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं को मजबूत करने को कहा है। वहीं राज्य शासन ने 13 विभागों को निर्देश दिए हैं कि शासकीय सेवक अपने मुख्यालय पर अनिवार्य उपस्थित रहेंगे।

विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किए जाएंगे। ये विभाग लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, गृह, ऊर्जा, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, लोक निर्माण विभाग, राजस्व, सामान्य प्रशासन, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास और परिवहन विभाग शामिल हैं।

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कल वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, राजस्थान आदि सीमावर्ती राज्यों से लगे हुए जिलों के आईजी, एसपी और कलेक्टरों के साथ समीक्षा की।

देवश्री जागेश्वरनाथ लोक की आधारशिला

दमोह जिले के देवश्री जागेश्ववरनाथ मंदिर में कल 10 करोड़ की लागत से बनने वाले प्रथम चरण के कॉरिडोर के भूमिपूजन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में विकसित हो रहे धार्मिक पर्यटन केन्द्र युवाओं के लिए रोजगार के केन्द्र बनकर उभरेंगे। यहां आध्यात्म के साथ, शैक्षणिक और रोजगार मूलक गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। इन कार्यों के लिए राज्य सरकार बजट की कोई कमी नहीं आने देगी। प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा-

ताप्ती बेसिन रिचार्ज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में आज दोपहर बाद मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक भोपाल में बुलाई गई है। बैठक में विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज परियोजना ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज के एम.ओ.यू. पर मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज प्रदेश की तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना होगी और विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है। परियोजना में प्रस्तावित बांध और नहरों से प्रदेश की 3,362 हैक्टेयर भूमि उपयोग में लाई जाएगी और मध्यप्रदेश के 1 लाख 23 हजार 82 हैक्टेयर भू-क्षेत्र और महाराष्ट्र के 2 लाख 34 हजार 706 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की स्थाई सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना से म.प्र. के बुरहानपुर एवं खण्डवा जिले की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा की कुल 4 तहसीलें लाभान्वित होंगी।

खेलो इंडिया

बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में मध्यप्रदेश 09 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। कल शूटिंग खेल के प्रारंभिक मुकाबले खेले गये। इसमें 10 मीटर एयर रायफल मिक्स्ड टीम और शूटिंग शाटगन के मुकाबले खेले गये। आज शूटिंग रायफल, पिस्टल और शॉटगन के फाइनल मुकाबले खेले जायेंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- मुरैना में कल तेज धमाके के साथ एक मकान का प्रथम तल धराशाही हो गया। प्रशासन व पुलिस ने इस विस्फोट को प्रथम दृष्टया शादी विवाह में उपयोग की जाने वाली बारूद से होना बताया है। पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।
- नीमच के कलेक्टर हिमांषु चंद्रा ने कल जिला उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक में नये निवेशकों, उद्यमियों, उद्योगपतियों और व्यापारियों से कहा कि जिले में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर वातावरण है। सरकार नये निवेशकों को उद्योग स्थापित करने में विभिन्न प्रकार की छूट भी दे रही है।
- डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में कल राष्ट्र और भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली आयोजित की गई। रैली में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर वन्दे मातरम्, जय हिन्द, भारत माता की जय के नारे लगाए।
- रायसेन जिले के कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने कल जिले में सुरक्षा व्यवस्था और सिविल डिफेंस प्लान के संबंध में बैठक बुलाई। उन्होंने खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य, ऊर्जा, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ करने के निर्देष दिए।
- प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कल भोपाल में आयोजित चौथे नेशनल सस्टेनेबल एनर्जी एनोवेशन कॉन्क्लेव में कहा कि जैसे-जैसे ऊर्जा प्रणालियां डिजिटल हो रही हैं, वैसे ही इनकी साइबर सुरक्षा भी जरूरी हो गयी है।

-------